वर्ष 2 अंक 1

अक्टूबर-दिसम्बर 2017

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# शाला ध्वनि

## KVS NEWS





- जिज्ञासा: के.वि.सं. एवं सी.एस.आई.आर. के बीच करार
- 'स्वस्थ बच्चे–स्वस्थ भारत' कार्यक्रम का शुभारंभ
- के.वि.सं. को मिला 'राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार'
- इंडिया टुडे के 70 सितारों में के.वि.सं. का स्थान
- के.वि.सं. में 'विश्रुति' कार्यक्रम की शुरुआत

# जिज्ञासाः के.वि.सं और सी.एस.आई.आर. के बीच दूरगामी करार

## बच्चों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने की एक नई पहल



**नई दिल्ली (6 जुलाई 2017)**: केंद्रीय विद्यालय संगठन और वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर नई साझेदारी की शुरुआत की है। दोनों संस्थानों के बीच यह नई साझेदारी 'जिज्ञासा' नाम से जानी जाएगी। बच्चों के बीच वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई इस योजना के समझौता ज्ञापन पर के.वि. सं. के आयुक्त श्री संतोष कुमार मल्ल और सी.एस.आई.आर. के महानिदेशक डॉ. गिरीश साहनी ने नई दिल्ली स्थित होटल अशोक में आयोजित एक समारोह में हस्ताक्षर किये। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. हषवर्धन भी इस समारोह के साक्षी बने। इस मौके पर स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की अपर सचिव श्रीमती रीना रे विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

समझौता ज्ञापन का उद्देश्य सी.एस.आई.आर. की अनुसंधानशालाओं को स्कूली बच्चों के साथ जोड़ना है ताकि उनमें 'वैज्ञानिक मनोवृत्ति' को बढ़ावा मिले। सीएसआईआर की देश भर में फैली 38 प्रयोगशालाएं केन्द्रीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए सुलभता से उपलब्ध होंगी और बच्चे वैज्ञानिकों से मिल सकेंगे। सीएसआईआर और के.वि.सं. बच्चों और शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी तैयार करेंगे।

इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने दोनों संस्थानों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा जगत में अपार संभावनाएं हैं। केंद्रीय विद्यालयों के बच्चे भाग्यशाली हैं कि उनको देश की सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि विश्व में सरकारी अनुदान से अनुसंधान करने वाले 1200 संस्थानों में सीएसआईआर 12वें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के प्रसार में 'जिज्ञासा' एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर ने खुशी जताई कि केंद्रीय विद्यालयों के बच्चों को देश की सबसे बेहतरीन प्रयोगशालाओं से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चे नए विचारों से भरे होते हैं, इसलिए 'जिज्ञासा' से बच्चों और वैज्ञानिकों दोनों को लाभ मिलेगा। के.वि.सं. के अपर आयुक्त (शैक्षिक) श्री यू.एन. खवाड़े ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन रखा।

- केविसं–सीएसआईआर साझेदारी के संभावित परिणाम
- बच्चों के मन में वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास
- शिक्षा में प्रयोग एवं नवाचार को बढ़ावा
- बच्चों में छिपी हुई क्षमताओं को शुरुआती स्तर पर ही पहचानकर विज्ञान की शिक्षा को प्रोत्साहन
- देश में छात्र उद्यमियों के आविर्भाव में मुख्य भूमिका,
- उभरते वैश्विक/राष्ट्रीय मुद्दों पर जागरूकता।



# केविसं में स्वस्थ बच्चे – स्वस्थ भारत कार्यक्रम की शुरुआत

## केंद्रीय विद्यालयों के 12 लाख से अधिक बच्चों के लिए फिजिकल हेल्थ एंड फिटनेस प्रोफाइल कार्ड का कोच्चि में हुआ अनावरण

**नई दिल्ली (21 अगस्त 2017):** केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर ने केंद्रीय विद्यालय संगठन के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'स्वस्थ बच्चे–स्वस्थ भारत' का कोच्चि में लोकार्पण किया। मा.सं.वि. मंत्री द्वारा केंद्रीय विद्यालयों में पढ़ने वाले 12 लाख से अधिक बच्चों के लिए फिजिकल हेल्थ एंड फिटनेस प्रोफाइल कार्ड का अनावरण किया गया। के.वि.सं. द्वारा पिछले शैक्षणिक सत्र के दौरान यह कार्यक्रम प्रयोग के तौर पर पटना और चंडीगढ़ संभागों में शुरू किया जा चुका है। स्कूली बच्चों पर इसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए अब इसे देश भर के केंद्रीय विद्यालयों में लागू किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के तहत शारीरिक फिटनेस के विभिन्न घटकों को 5–8 वर्ष और 9–19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में मापने के लिए विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया गया है। इसमें खानपान, शारीरिक स्वच्छता, स्वच्छ वातावरण, दैनिक रुटीन और शांति व सद्भाव के लिए योग पर संतुलित बल दिया गया है।

- विभिन्न आयु वर्ग और दिव्यांग बच्चों के लिए एक विस्तृत एवं समग्र स्वास्थ्य रिपोर्ट कार्ड
- बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को अच्छे स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करते हुए प्रतिदिन 60 मिनट खेलने को प्रोत्साहित करना
- बच्चों के अंदर ओलंपिक और पैरालंपिक के मूल्यों को आत्मसात करवाना
- बच्चों को पुनः उनके बचपन से मिलाना और शारीरिक गतिविधियों व मनोरंजनात्मक खेलों को सीखने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग बनाना
- संभावित उत्कृष्ट खिलाड़ियों को विभिन्न विशिष्ट खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना
- आंकड़ों के प्रग्रहण व विश्लेषण में तकनीक का प्रयोग और उसे स्कूलों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को उपलब्ध कराना





# केंद्रीय विद्यालय संगठन को मिला राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार–2017

**नई दिल्ली (29 अगस्त 2017):** केंद्रीय विद्यालय संगठन को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से अलंकृत किया गया। 29 अगस्त 2017 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में भारत के राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने यह पुरस्कार आयुक्त, के.वि.सं, श्री संतोष कुमार मल्ल को प्रदान किया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा इस पुरस्कार के लिए के.वि.सं. का चयन खेल के क्षेत्र में 'उभरती/युवा प्रतिभा की पहचान और पोषण' श्रेणी में किया गया था।

के.वि.सं. ने छात्र–छात्राओं के बीच खेल और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए देश विदेश में फैले सभी केंद्रीय विद्यालयों में कई कदम उठाए हैं। हाल ही में, के.वि.सं. ने 'स्वस्थ बच्चे–स्वस्थ भारत' कार्यक्रम की शुरुआत की है जिसके तहत 12 लाख से अधिक बच्चों को फिटनेस प्रोफाइल कार्ड दिये जाएंगे, ताकि स्कूल पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर इससे बच्चों की शारीरिक फिटनेस पर ध्यान दिया जा सके। के.वि.सं. ने एसजीएफआई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में भी अच्छी बढ़त बनाई है। 62वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में इस वर्ष के.वि.सं. ने कुल 81 मेडल जीते, जबकि पिछले वर्ष 60 मेडल प्राप्त किये थे।



# Induction Training for 82 newly appointed Principals of Kendriya Vidyalayas




New Delhi: One Month Certificate Course in School Leadership & Management and Induction Training for 82 newly appointed Principals of Kendriya Vidyalayas was organized between July 12 to August 9, 2017. NCSL, NUEPA collaborated with KVS to customize and impart its 'One Month Certificate Course in School Leadership & Management' to these newly inducted Principals with an objective to empower them and equip before they are inducted into the KVS system and are assigned to take charge of their new responsibilities. Hon'ble Secretary, School Education and Literacy, MHRD, Govt. of India Sh. Anil Swarup and Prof. N.V. Varghese, Vice Chancellor, NUEPA attended the valedictory session of the this training programme and addressed the newly inducted Principals and extended their best wishes in their career ahead.

# Glimpses of 6th DC Conference of KVS

New Delhi: The 6th Deputy Commissioners' Conference of Kendriya Vidyalaya Sangathan was organized from 3rd to 5th July 2017 at Hotel Ashoka, New Delhi. All the Deputy Commissioners from 25 regions and Directors of all five ZIETs participated in the event. Many important academic and administrative decisions were taken during this annual gathering, along with presentation of various action taken reports. Hon'ble Minister for HRD Sh. Prakash Javadekar gave a video message to the top officers present in the conference. He appreciated the efforts of KVS to produce excellent results in CBSE Class X and XII.

After the inaugural session, the agenda items were taken up for consideration and deliberation. The key agenda items during the conference were: Ideas for New Education Policy, Admission in Kendriya Vidyalaya, Back to Basics, Vidyalaya Plan & Assessment Tool, Conduct of Internal Examinations, Promotion of Science Learning in Schools, Review of other on-going programme, Training, Sports, Construction etc. All the senior officers of KVS (HQ) also participated in this three-day conference.

Glimpses of the 6th DC Conference is given here for a quick glance:


Video Message from the Hon'ble Minister for HRD








# केविसं (मु.) में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन

**नई दिल्ली:** राजभाषा विभाग, भारत सरकार के निदेशानुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी केंद्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय) में दिनांक 07 से 21 सितंबर, 2017 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया। हिन्दी पखवाड़े के आयोजन का मुख्य उद्देश्य कार्यालय कार्य में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देना है। तदनुसार सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से भी यही अपेक्षा की गई कि वे अपना समस्त कार्यालय कार्य हिन्दी में निष्पादित करें। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर राजभाषा हिन्दी के प्रयोग में वृद्धि हेतु कई कदम उठाए गए साथ ही कई हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिनमें हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, हिन्दी अनुवाद, हिन्दी टंकण तथा सुलेख एवं श्रुतलेख की प्रतियोगिताएं प्रमुख हैं।




हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन में भाग लेते हुए प्रतिभागी

# इंडिया टुडे के 70 सितारों में केन्द्रीय विद्यालय संगठन को स्थान

**नई दिल्ली:** भारत के 70वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश की राष्ट्रीय समाचार पत्रिका 'इंडिया टुडे' द्वारा चयनित आधुनिक सितारों के प्रतीक 70 सितारों में केन्द्रीय विद्यालय संगठन को स्थान प्रदान किया गया है। पत्रिका ने देश की कुल 70 ऐसी संस्थाओं का चयन किया, जिन्होंने स्वतंत्र भारत को विकास की ओर अग्रसर किया। केन्द्रीय विद्यालय संगठन का चयन सामाजिक क्षेत्र के सितारों में किया गया। निश्चित तौर पर संगठन के लिए यह चयन एक गौरव की बात है।






# सर्न के वैज्ञानिकों ने किया के.वि. बच्चों को विज्ञान के प्रति प्रोत्साहित



**नई दिल्ली (1.8.2017)** : केंद्रीय विद्यालय के छात्रों को सर्न (यूरोपीयन ऑर्गनाइजेशन फॉर न्यूक्लीयर रिसर्च) के वैज्ञानिकों के साथ परिचर्चा में भाग लेने का अवसर मिला। दिल्ली कैंट स्थित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पधारे उन वैज्ञानिकों के साथ चर्चा करना बच्चों के लिए अनोखा अनुभव था, जो गॉड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट का हिस्सा रहे। लैब लाइफ फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में इंग्लैंड के वैज्ञानिक डॉ. मिक स्टॅार और भारतीय वैज्ञानिक डॉ. अर्चना शर्मा ने बच्चों के साथ अपना बहुमूल्य समय साझा किया। युवाओं के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बारे में जागरूकता अभियान के तहत यह कार्यक्रम रखा गया। डॉ. मिक स्टॅार और डॉ. अर्चना शर्मा ने के.वि. के बच्चों संग विज्ञान के विभिन्न आयामों की चर्चा करने के साथ गॉड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। बच्चों ने दोनों वैज्ञानिकों से अपने प्रश्न भी किये।

डॉ. मिक एलएचसी के एटलस एक्सपेरिमेंट का हिस्सा रहे हैं और पिछले 40 वर्षों से सर्न के साथ जुड़े हैं, जबकि डॉ. अर्चना सीएमएस एक्सपेरिमेंट की प्रोजेक्ट मैनेजर हैं और 30 वर्षों से सर्न के साथ कार्यरत हैं।

कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय के सहायक आयुक्त श्री ताजुद्दीन शैक और केंद्रीय विद्यालय क्रं. 2 की प्राचार्या श्रीमती भारती कुक्कल भी उपस्थित रहीं।

# भावी जीवन की शुभकामनाएं



SH. R.L MEENA
(Assistant Commissioner)
31.7.2017 VRS



SH. RAGHUVEER SINGH
(Assistant Commissioner)
31.7.2017 Superannuation



SH. NARESH KUMAR
(SSA) 29.9.2017
Superannuation



SH. GOVIND SINGH
(Car Driver) 31.8.2017
Superannuation



SH. BUDDH RAM
(Sub Staff) 31.7.2017
Superannuation

# खगोलीय दूरबीन निर्माण कार्यशाला

**देहरादूनः** केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक –2 में 17 अगस्त 2017 को केन्द्रीय विद्यालय संगठन देहरादून संभाग द्वारा विज्ञान प्रसार के सहयोग से विज्ञान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि श्री के.के.सोनी, निदेशक, भारतीय सर्वेक्षण विभाग एवं के.वि.सं. देहरादून संभाग के उपायुक्त श्री सोमित श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस शिविर में देहरादून एवं दिल्ली संभाग के कुल 40 विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों की देखरेख में खगोलीय दूरबीन बनाना सीखा। विद्यार्थियों ने अपने विद्यालयों के लिए विज्ञान प्रसार के विशेषज्ञों श्री विपिन सिंह रावत, उनकी टीम– श्री मनोज सितांकर, श्री अनिल धीमान, श्री तुषार पुरोहित की निरंतर देखरेख में खगोलीय दूरबीन बनाना, फोकल लेंथ जांचना, उसके अनुसार ट्यूब काटना, ट्यूब के भीतरी एवं बाहरी हिस्सों को पेंट करना, दूरबीन के भिन्न भागों को जोड़ना जैसे– फाइनडर स्कोप, प्राथमिक, सेकेंडरी मिरर सेल, फोकसर आदि सीखा। विदाई समारोह के दौरान दिनांक 21.08.2017 को श्री ताजुद्दीन शैक, सहायक आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय), नई दिल्ली ने विद्यार्थियों द्वारा निर्मित दूरबीनों को देखा व उनके अनुभवों को सुना, विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र में विद्यार्थियों की अभिरुचि जागृत करने के लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना की। एक ऐसी ही कार्यशाला का आयोजन के.वि. आईआईटी पवई, मुंबई में 27 से 31 अगस्त के बीच आयोजित की गई, जिसमें मुंबई और अहमदाबाद संभाग के 40 बच्चों ने भाग लिया और खगोलीय दूरबीन बनानी सीखी।





# के.वि.सं. मुख्यालय में ई-ऑफिस की शुरुआत




**नई दिल्ली:** डिजिटल इंडिया अभियान के साथ कदमताल करते हुए के.वि.सं. ने 11 अगस्त 2017 को एक नए डिजिटल प्रयास को अपनाते हुए अपने मुख्यालय में ई–ऑफिस की शुरुआत की। मुख्यालय में ई–ऑफिस आ जाने से बड़ी मात्रा में कागज और समय की बचत होगी। यह प्रयास फाइलों के त्वरित निपटान में भी सहायक सिद्ध होगा। ई–ऑफिस के माध्यम से पहली फाइल भेजते हुए संयुक्त आयुक्त (कार्मिक) ने झारखंड के जिला दुमका में नया केन्द्रीय विद्यालय खोलने संबंधी फाइल को स्वीकृति हेतु अपर आयुक्त (प्रशा.) श्री जी.के. श्रीवास्तव को भेजा, जिन्होंने अंतिम स्वीकृति हेतु उसे आयुक्त, के.वि.सं. श्री संतोष कुमार को भेजा। आयुक्त महोदय ने अपने डिजिटल हस्ताक्षर का प्रयोग करते हुए के.वि. दुमका को खोलने की स्वीकृति प्रदान की। प्रथम चरण में ई–ऑफिस के.वि.सं. मुख्यालय में लागू किया गया है, अगले चरण में इसको विस्तार प्रदान करते हुए सभी संभागों में लागू किया जाएगा।

# प्रथम के.वि.सं. कर्मचारी - खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नई दिल्ली:** 16 सितम्बर 2017 को केन्द्रीय विद्यालय सेक्टर–8, आर.के.पुरम में, केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से प्रथम खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें के.वि.सं. मुख्यालय के अधिकारी, कर्मचारी व शिक्षक–वर्ग द्वारा बैडमिन्टन, टेबल–टेनिस, तैराकी तथा वॉलीबाल में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ अपर आयुक्त (प्रशासन), श्री जी.के. श्रीवास्तव तथा अपर आयुक्त (शैक्षिक) श्री यू.एन. खवाड़े द्वारा किया गया। प्रतियोगिता समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि, श्री संतोष कुमार मल्ल, आयुक्त, के.वि.सं. ने भी इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वस्थ जीवन के लिए खेलकूद को उपयोगी व अनिवार्य बताया। इस अवसर पर के.वि.सं. के संयुक्त आयुक्त (कार्मिक) डॉ. ई. प्रभाकर, संयुक्त आयुक्त (प्रशासन) श्री विजय कुमार, उपायुक्त (दिल्ली संभाग) श्रीमती संतोष मिर्धा तथा विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों के प्राचार्य भी उपस्थित थे। कुल 150 प्रतिभागियों में से 52 विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।



# Launch of 'Vishruti' Programme for the Empowerment of the Adolescent Girl Students of KVS



**New Delhi:** Vishruti, a pilot programme for the empowerment of the adolescent girl students of classes VI to VIII, was launched on August 14, 2017 in 18 Kendriya Vidyalayas of Delhi Region, with support from the Srujan Research & Training Foundation, Pune. Vishruti was launched by Dr. Prachee Javadekar, Director, Parigha Research & Consultancy Services (PRCS) at Kendriya Vidyalaya, Delhi Cantt. No.2, in the presence of Mrs. Seema Goyal, Dr. V. Vijayalakshmi, Jt. Commissioner (Acad.), Mrs. Santosh Mirdha, Dy. Commissioner, Delhi Region and Mrs. Sona Seth, Asst. Commissioner (Trg.), KVS(Hqrs.), amidst great fanfare and enthusiasm. Subsequently Dr. Prachee Javadekar, along with Mrs. Seema Goyal, also visited KV Pragati Vihar and witnessed the transaction of the first module of Vishruti by the trained teachers with the girl students of classes VI to VIII. The objective of the Vishruti programme is to empower the girl students of KVS. Vishruti was launched in the other selected Kendriya Vidyalayas of Delhi Region in the presence of Senior Officers from KVS(HQ) and Regional Office, Delhi. Overall, approximately 2500 girl students of 18 KVs of Delhi participated in the launch of Vishruti.



## Sports Day for Special Children

**New Delhi:** Kendriya Vidyalaya No. 2 Delhi cantt organized Sports Day for Special children. The purpose was to keep them ahead with other children. This event was organized in connection with upcoming sports events in KVS. Students from Primary and classes VI-Vlll participated in the event. The programme was organized to explore talent in such children which can be extended to National and International Level.The students participated in various events like: Throwing the ball in the bucket, Zig Zag Racing, Burst the balloons, Passing the ball etc.



## THE NEWLY CONSTRUCTED KV BUILDINGS



KV Mohali



KV Jamtara



KV Chittorgarh

# Achievements



Divyangjan State Award to meritorious students in state under Kshitij Apar Sambhawnaye Yojna: Mast. Sidharth Roi Class 11th commerce of KV Chirimiri Raipur Region receiving Award from Hon'ble CM of Chhattisgarh Dr. Raman Singh.



Divyangjan State Award to meritorious students in state under Kshitij Apar Sambhawnaye Yojna: Kum. Anuja Sharma of KV DURG received Award from Hon. CM of Chhattisgarh Dr. Raman Singh.








Two students of KV DHAMTARI, Ku. Shivani Babar (X) from Youth Group got Gold medal & Khilendra Magendra (IX) from Junior Group got Silver Medal and qualify for National level games (G V Mavlankar Cup) to be held at Mumbai. Competition were organized by state level shooting associations at Raipur, it was an open competition.



As per result declared by NCERT on 23.08.2017, Aryaman Das of KV SPG Dwarka is selected for the National Talent Search Scholarship.







Two Students of KV Damoh Mast. Shrikant Choubey and Mast. Varnit Soni have been selected for National Kho-Kho Team.

# Activities from Regions




30th Regional level Youth Parliament Competition 2017 was held at Kendriya Vidyalaya, Trimulgherry on 23rd and 24th August, 2017 for five identified KVs (i.e. No.1 Vijayawada/ Kanchanbagh/ Hakimpet /No. 2 Golconda/ Guntur). KV Hakimpet stood first in the Regional Level Youth Parliament Competition 2017. Sh. Baddam Bal Reddy (Ex-MLA) was the Chief Guest and one of the Judges of competition.



Rajya Puraskar Testing Camp was organised in Hyderabad Region from 18th July to 22nd July, 2017, 131 Scouts, 73 Guides from Bengaluru and 208 Scouts and 195 Guides from Hyderabad Division participated in the camp. 85 Escorts, 10 Officials and 02 Contingent Leaders from Bengaluru Division also participated in the camp.






Indian Embassy of Nepal donated a School Bus to KV Kathmandu. HE Ambassador Manjeev Singh Puri gifted the key to the Principal Sh. R.Sankar.

# Activities from Regions

Inauguration of Wall of Heros at KV Chhatarpur by Chief Guest Col. Pranav Sarkar, Station Commander, Nowgong Cantt.







के.वि. आईटीबीपी, देहरादून में आयोजित संस्कृत सप्ताह के दौरान बच्चों की प्रस्तुति।




केन्द्रीय विद्यालय अल्मोड़ा में संस्कृत सप्ताह का आयोजन।



NDRF School Safety Programme was organized at KV No. 1 Amritsar Cantt. A team of 13 members headed by Sub Inspector Mr. Mantu Kumar demonstrated various techniques and methods for managing various disasters like earthquake, floods, accidents and fire etc. The students were trained by the members about life saving techniques and first aid during the disasters.

# Activities from Regions



48 KVS Regional Sports Meet was held at KV-2 Jammu w.e.f 24/7/17 to 27/7/17 in which more than 200 students participated in rope skipping, cricket, Lawn Tennis & Badminton.



Fun Activity at KV Jashpur





आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मुम्बई में एन.सी.ई.आर.टी. के सहयोग से केंद्रीय विद्यालयों के संसाधक/विशेषज्ञ शिक्षकों हेतु 'किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम' पर तीन दिवसीय अंतः संवादात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुम्बई, अहमदाबाद, भोपाल, वाराणसी, जबलपुर, पटना एवं जयपुर संभाग के 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं किशोरावस्था शिक्षा से संबंधित जानकारियों का आदान प्रदान किया।

# KVS in News


दैनिक जागरण
बच्चों की वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देगी 'जिज्ञासा'

पंजाब केसरी
सीएसआईआर और केवीएस के बीच 'जिज्ञासा' पर हस्ताक्षर

अमर उजाला
केवी में पढ़ाई संग हेल्थ और फिटनेस की होगी निगरानी

राष्ट्रीय सहारा
सर्न के वैज्ञानिकों ने किया केवी के छात्रों को विज्ञान के प्रति प्रोत्साहित

The Times of India
KV students & teachers can spend free time at CSIR labs

FITNESS FI

हिंदुस्तान
केवी के छात्रों को टैबलेट मिलेंगे

अमर उजाला
केवी के बच्चों में वैज्ञानिक सोच को मिलेगा बढ़ावा

जनसत्ता
केवी के विद्यार्थी सीएसआइआर की प्रयोगशालाओं में सीखेंगे विज्ञान के गुर

अमर उजाला
केवी के छात्रों की वैज्ञानिकों संग परिचर्चा

जनसत्ता
विद्यार्थियों को सेहत और खेलों के प्रति जागरूक करेगा केवीएस

FIT INDIA BEGINS IN SCHOOLS

राष्ट्रीय सहारा
केवी केशवपुरम ने जीता गुजराल हॉकी टूर्नामेंट

**TEAM**:
Patron: Santosh Kumar Mall, Commissioner
Editor-in-Chief: U.N. Khaware, Additional Commissioner (Acad)
Editor: Dr. Shachi Kant, Joint Commissioner (Training)
Editorial In-Charge: Sachin Rathore, Assistant Editor
Proof Reader: Negpal Singh, KVS (HQ)

Readers can send their comments, suggestions through e-mail at: shaaladhwani@gmail.com

Published by U.N. Khaware, Additional Commissioner (Acad) on behalf of Kendriya Vidyalaya Sangathan and printed at M/S Dolphin Printo-Graphics, 1E/18, 4th Floor, Jhandewalan Extn, New Delhi-110055

**KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN**
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016
www.kvsangathan.nic.in

Designed By: Adworth Media Pvt. Ltd.